कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com    www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–14, अंक–12, दिसम्बर 2014

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## प्रगति पथ पर
# नव वर्ष के क़दम



कारपोरेट सिद्धांतों पर आधारित होकर तेज गति से आगे बढ़ रही कंपनी, कामधेनु इस्पात लि0 आज भारत के कोने–कोने में सशक्त उपस्थिति दर्ज करते हुए विभिन्न तरह के सफल व्यापारिक उपक्रमों का प्रतिनिधित्व कर रही है, जो मुख्य रूप से आधारभूत ढाँचे और निर्माण क्षेत्र से जुड़े है; जैसे कि टी एम टी सरिया, स्ट्रक्चरल स्टील, सजावटी पेंट, पीवीसी पाइप और प्लाईवुड आदि।

विगत वर्षों में कामधेनु इस्पात लि0 आधारभूत ढाँचा क्षेत्र में देश की अग्रणी कंपनी बन गई है और आज यह भारत के सबसे बड़े टीएमटी उत्पादक कंपनियों में से एक है। देश में सबसे तेजी से विकास करते हुए, कंपनी का पेंट ब्रांड ''कामधेनु पेंट्स'' सजावटी पेंट सेग्मेंट में भारत की टॉप की कंपनियों में शामिल है।

कंपनी की सफलता पर बात करते हुये श्री सतीश अग्रवाल ने कहा, ''पिछली तिमाही के नतीजे इस बात को साबित करते हैं कि उपभोक्ताओं का विश्वास कामधेनु उत्पाद में लगातार बढ़ रहा है। आज कामधेनु उत्पादों की गुणवत्ता की बदौलत नये–नये बाज़ारों में भी भी इनकी मज़बूत पकड़ बन रही है। कंपनी की इस सफलता का पूरा श्रेय कामधेनु की पूरी टीम को जाता है।''

अपनी स्थापना से आजतक कामधेनु ने हर वर्ष लगातार तरक्की दर्ज करते हुये सफलता की स्वर्णिम परंपरा बनाई है। उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता के विश्वस्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराने हेतु कंपनी लगातार ही शोध एवं तकनीकी बेहतरी हेतु निवेश करती रही है। आज कामधेनु को भारत में विश्वस्तरीय डबल रिब्स रिबार बनाने वाली एकमात्र अधिकृत कंपनी होने का गौरव प्राप्त है। अन्य बड़े ब्राण्डों के सिंगल रिब्स सरियों की कीमत में ही विश्वस्तरीय डबल रिब्स रिबार कामधेनु SS 10000 को भारत में पेश करते हुये कंपनी ने भारतीय निर्माण क्षेत्र में क्रांति ला दी है। अंतर्राष्ट्रीय तकनीक से निर्मित कामधेनु SS 10000 अनोखे इंटरलॉकिंग पकड़ की बदौलत सर्वश्रेष्ठ भूकंप प्रतिरोधी क्षमता प्रदान करता है। आज देश के कई राज्यों में कामधेनु SS 10000 उपभोक्ताओं की पहली पसंद बन चुका है।

कामधेनु SS 10000 की इस सफलता के बारे में बताते हुये, श्री सतीश अग्रवाल का कहना था, ''हम हमेशा ही अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुये उपभोक्ताओं को बेहतरीन गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराने का प्रयास करते हैं। जल्द ही कंपनी में इसके उत्पादन और मार्केटिंग नेटवर्क का देशव्यापी प्रसार करने वाली है, ताकि हर भारतीय उपभोक्ता की इस खास उत्पाद तक पहुँच सुनिश्चित हो सके।''


कामधेनु का भरोसा और इसकी मज़बूत ब्रांड पहचान ने कंपनी के सजावटी पेंट ब्रांड ''कामधेनु पेंट्स'' को भी भारत भर में जाना–माना ब्रांड बना दिया है जिसके पास देश भर में करीब 4000 डीलरों का मजबूत नेटवर्क है। उपभोक्ताओं की पसंद और अपेक्षाओं को पूरा करते हुये कामधेनु पेंट्स उत्पादों की विशाल रेंज उपलब्ध करवा रही है। कंपनी ने कामधेनु पेंट की सफलता का जश्न मनाते हुये लोनावला में 9 तथा 10 नवंबर को ''कामधेनु पेंट्स टारगेट का बादशाह'' नामक जबरदस्त रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया है, जिसमें फिल्म और टीवी की दुनिया के कई नामचीन सितारों के रंगारंग कार्यक्रम हुये। इस स्कीम के लिये पेंट डीलरों के रूझान को देखते हुये कंपनी ऐसा ही एक स्कीम फिर ला रही है।

कंपनी के पेंट डिवीजन की सफलता के बारे में जानकारी देते हुये श्री सतीश अग्रवाल ने कहा, ''कामधेनु अपने बिजनेस सिद्धांत के तहत अपने डीलर के फायदे को हमेशा ध्यान में रखती है। कंपनी के डीलर भी हमेशा ही अपना शत प्रतिशत देते हुये कामधेनु को सफलता की ओर ले जा रहे हैं। नये साल में कंपनी डीलरबंधुओं के साथ 19 साल पुराने रिश्ते में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ने की तैयारी में है।''

भविष्य में कंपनी की विकास संभावनाओं के बारे में सी एम डी ने बताया, ''आने वाले समय में कामधेनु को और भी अधिक विकास की आशा है। हमारी लोकप्रिय ब्रांड पहचान, कामधेनु SS 10000 के लिये बाज़ार में सकारात्मक मॉग और पेंट व्यावसाय की तेज विकास दर को देखते हुये कंपनी और इसके एसोसिएट्स की तरक्की सुनिश्चित दिखती है।''

**नववर्ष 2015 में आप और हम प्रगति के पथ पर और आगे बढ़ें। मैं सभी देशवासियों को नववर्ष की ढ़ेरों शुभकामनायें देता हूँ।**

– सतीश अग्रवाल



# विश्व में भारतीय योग की धूम

11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ के 193 सदस्यीय जेनेरल ऐसेम्बली ने सर्वसम्मति से दुनिया भर में 21 जून की तारीख को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दे दी है। संयुक्त राष्ट्र संघ के इतिहास में भी यह एक अनोखा मौका था, जब पहली बार अमेरिका, कनाडा और चीन सहित 170 देशों ने किसी प्रस्ताव के पक्ष में सहमति जताई है। जेनेरल ऐसेम्बली ने अपने प्रस्ताव में कहा कि, ''योग स्वास्थ्य और बेहतरी के लिये लिये एक समग्र साधन है और इसके प्रचार–प्रसार से विश्व भर के लोगों की सेहत को फायदा मिलेगा।

खास बात यह है कि 27 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र जेनेरल ऐसेम्बली को संबोधित करते हुये प्रधानमंत्री मोदी जी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की मॉंग उठाई थी और उसके लिये 21 जून का नाम भी सुझाया था। तीन महीने के भीतर ही पास हो चुका यह प्रस्ताव आज तक का संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सबसे कम समय में पास कर दिया गया प्रस्ताव बन गया है। जहॉं संयुक्त राष्ट्र संघ के इस फैसले से योग को विश्वस्तरीय पहचान मिल रही है, वहीं इससे भारत की बढ़ रही कूटनीतिक ताकत का अंदाजा भी मिलता है।

# पुतिन की भारत यात्रा

रूस के राष्ट्रपति श्री पुतिन की भारत यात्रा कई मायनों में खास रही है। सिर्फ 24 घंटे के अंदर रूस और भारत के बीच कुल 10000 करोड़ डालर के 20 समझौते का होना काफी लोगों को आश्चर्य में डाल गया।

इन समझौतों में 4000 करोड़ डॉलर के समझौते परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में हुये हैं, जिसके तहत रूस भारत में 12 नये परमाणु बिजलीघर स्थापित करेगा। इन नये परमाणु बिजलीघरों का निर्माण 4 साल पहले भारत के संसद द्वारा मंजूर किये गये न्यूक्लियर लाइबलिटी कानून के प्रावधानों के तहत ही रूस को करना होगा।

वहीं रूस और भारत के बीच हुई 5000 करोड़ की परियोजनायें कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस से संबंधित हैं। इन समझौतों के साथ भारत में ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। वहीं पश्चिमी देशों के आर्थिक प्रतिबंध के बीच ये आर्थिक समझौते रूस के लिये भी राहत लेकर आये हैं।





# भारत में नोबेल पुरस्कार

वर्ष 2014 का नोबेल शांति पुरस्कार संयुक्त रूप से भारत के समाजिक कार्यकर्ता श्री कैलाश सत्यार्थी और पाकिस्तान की मलाला यूसफज़ई को बच्चों के दमन के खिलाफ और सभी बच्चों के लिये शिक्षा के लिये किये गये उनके संघर्ष हेतु प्रदान किया गया है।

श्री कैलाश सत्यार्थी ने इलेक्ट्रीकल इंजीनियर के अपने करियर को छोड़ कर बंधुआ मज़दूरी और बालश्रम के चंगुल में पड़े बच्चो को मुक्त कराने और उन्हें शिक्षा दिलाने के लिये 1980 में ''बचपन बचाओ आंदोलन'' नामक मुहिम की शुरूआत की थी। विगत 34 वर्षो से उन्होंने अपना जीवन इसी मक़सद के लिये समर्पित कर दिया है और आज तक 80 हज़ार से अधिक बच्चों के अधिकारों की रक्षा का श्रेय उन्हें प्राप्त है।

प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार ग्रहण कर भारत लौटने पर श्री कैलाश सत्यार्थी ने विमान से उतरते ही भारत की मिट्टी पर सिर झुकाया, फिर वे राजघाट गये और बापू को श्रद्धांजलि दी। श्री कैलाश सत्यार्थी ने सभी भारतीय को प्रेरणा दी है कि वे बचपन को मज़दूरी में पिसने ना दें और मासूमों को स्कूल भेजने में मदद करें।

# बिहार में जागरूकता कार्यक्रम







भारत में टीएमटी सरिये की सबसे बड़ी निर्माता कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लि0 भारत भर के निर्माण क्षेत्र में अपना सक्रिय योगदान देने के लिये जानी जाती रही है। तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में विकास कर रहे प्रदेश, बिहार में अच्छी गुणवत्ता के मज़बूत निर्माण को सुनिश्चित करने के लिये कंपनी राज्य में समय–समय पर जारूकता बैठकों का आयोजन करती रहती है। इन जारूकता बैठकों का उद्देश्य होता है निर्माण क्षेत्र से जुड़े राजमिस्त्री और ठेकेदारों को नये और बेहतर निर्माण के लिये जागरूक करना ओर उन्हें बेहतर गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का उपयोग करने के लिये प्रोत्साहित करना।

इसी दिशा में 10 दिसंबर को रोहतास जिले में एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। रोहतास के बस्तीपुर, देहरी में स्थानीय कामधेनु डीलर मेसर्स सिंह हार्डवेयर के पते पर आयोजित इस बैठक में 70 राजमिस्त्री आमंत्रित किये गये।

कामधेनु के प्रतिनिधियों ने इन राजमिस्त्रियों को कामधेनु टीएमटी सरिये की खूबियों और खासियतें बताई। कंपनी की जानकारी देते हुये बताया गया कि विगत 19 वर्षों से कामधेनु उच्च गुणवत्ता का टीएमटी सरिया भारत भर के उपभोक्ताओं को उपलब्ध करा रही है और कंपनी देशभर में वाज़िब कीमत पर बेहतरीन गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराने के लिये जानी जाती है। बैठक के बाद उपस्थित राजमिस्त्रियों ने सवाल पूछे जिनका धैर्यपूर्वक समझाकर जवाब दिया गया।

इससे पहले इसी तरह की एक बैठक 18 नवंबर को राज्य के कैमूर ज़िले के कुर्दा, सकरी में आयोजित की गई। स्थानीय डीलर मेसर्स गीता ट्रेडर्स के श्री प्रकाश रस्तोगी की देखरेख में आयोजित इस बैठक में 80 से अधिक स्थानीय राजमिस्त्री शामिल हुये। बैठक में कामधेनु टीएमटी की बेहतरीन क्वालिटी के बारे में समझाया गया और बताया गया कि क्यों यह उत्पाद दूसरे टीएमटी से उच्च गुणवत्त के हैं। इस बैठक में भी में कंपनी के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई और उपस्थित राजमिस्त्रियों के प्रश्न के अच्छी तरह से जवाब दिये गये।

दोनों ही बैठकों में उपस्थित सभी राजमिस्त्रियों को उपहारस्वरूप प्लास्टर करने के औज़ार दिये गये।

# टिकाऊ खूबसूरती के लिये कामधेनु प्लाईवुड

भारतीय निर्माण क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी कामधेनु इस्पात लि0 आज भारत के कोने–कोने में सशक्त उपस्थिति दर्ज करते हुए विभिन्न तरह के सफल व्यापारिक उपक्रमों का प्रतिनिधित्व कर रही है। आधारभूत ढ़ॉचे और निर्माण क्षेत्र से जुड़े विभिन्न कामधेनु उत्पाद उपभोक्ताओं के बीच अपनी गुणवत्ता के लिये जाने जाते हैं। इन उत्पादों में शामिल हैं, टी एम टी सरिया, स्ट्रक्चरल स्टील, सजावटी पेंट, पीवीसी पाइप और प्लाईवुड आदि।

इमारत की अंदरूनी खूबसूरती के लिये अच्छी गुणवत्ता का प्लाईवुड बहुत ही जरूरी है। भारतीय बाज़ार में बाज़िब कीमत पर उच्च गुणवत्ता का प्लाईवुड उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने की सोच से ही कामधेनु बेहतरीन जलप्रतिरोधक क्षमता और दीमक से पूर्णतः सुरक्षित कामधेनु प्लाईवुड को भारतीय बाज़ार में लेकर आई है।

कामधेनु प्लाईवुड के बारे में कारपेंटर और ठेकेदारों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से फरीदाबाद, हरियाणा के मिलन स्वीट एण्ड रेस्टोरेंट  में एक बैठक आयोजित की गई। क्षेत्र के डिस्ट्रीब्यूटर, श्री नरेश कुमार, मेसर्स अनुपम ग्लास एंड प्लाईवुड के दिशानिर्देश में आयोजित इस बैठक में कंपनी के अधिकारी श्री संजय झा शामिल हुये। कार्यक्रम में 150 से अधिक स्थानीय ठेकेदारों ने हिस्सा लिया।

श्री नरेश कुमार एवं श्री संजय झा ने उपस्थित ठेकेदारों को कामधेनु प्लाईवुड की खूबियों की जानकारी दी और बताया कि ''कामधेनु प्लाईवुड नमी, मौसम और दीमक से बिल्कुल सुरक्षित है। जहॉं साधारण प्लाईवुड का उपयोग करने से आपको कुछ सालों में ही ग्राहकों की शिकायत मिलती है वहीं कामधेनु प्लाईवुड का उपयोग करने से टिकाऊ खूबसूरती मिलती है।''






RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 26.12.2014



# KAMDHENU SS 10000

# राजस्थान में दिखा दो का दम




भारत की अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर कंपनियों में शुमार कामधेनु इस्पात लि0 ने भारतीय निर्माण क्षेत्र में क्रांति का सूत्रपात करते हुये अपने प्रीमियम उत्पाद **Kamdhenu SS 10000** को पेश किया है। विश्वस्तरीय तकनीक द्वारा उच्च गुणवत्ता के बिलेट से निर्मित **Kamdhenu SS 10000** भारत का एकमात्र अधिकृत डबल रिब्स रिबार है। दुनिया के विकसित देशों में सुरक्षित निर्माण के लिये आवश्यक समझे जाने वाले डबल रिब्स रिबार को भारतीय बाजार में लाकर कामधेनु ने उपभोक्ताओं को डबल मज़बूती और डबल सुरक्षा का भरोसा दिया है। **''दो का दम''** के नाम से चर्चित **Kamdhenu SS 10000** की अत्याधुनिक सिस्मिक डिजायन और अनोखी इंटरलॉकिंग पकड़ 100 प्रतिशत भूकंपरोधी निर्माण को संभव बनाती है।

राजस्थान के राजमिस्त्रियों और ठेकेदारों को बीच इस विश्वस्तरीय उत्पाद के बारे में जानकारी बढ़ाने के लिये हाल ही में कंपनी ने राज्य के विभिन्न ज़िलों में जागरूकता बैठकों का आयोजन किया है। इन बैठकों का उद्देश्य राज्य में **Kamdhenu SS 10000** के बढ़ते बाज़ार को और भी अधिक गति देना था।

पहली बैठक का आयोजन 26 नवंबर को दौसा ज़िले में किया गया जिसमें ज़िले के राजमिस्त्रियों और ठेकेदारों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। एरिया के सेल्स प्रोमोटर मेसर्स सैटर्न स्टील तथा ज़िला के डीलर मेसर्स राज ट्रेडर्स के दिशानिर्देश में इस कार्यक्रम का बढ़िया इंतजाम किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के स्थानीय अधिकारीगण भी उपस्थित हुये, जिनमें शामिल थे, एरिया मार्केटिंग एक्सेक्यूटिव श्री विशाल सक्सेना एवं मार्केटिंग ऑफिसर श्री मुकेश शर्मा व श्री मनीश सोनी। दौसा नगर परिषद के अध्यक्ष, श्री राजकुमार जायसवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रह कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। क्षेत्र के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट्स, श्री राजीव पटेल, श्री राजेश चावड़ी, श्री सत्येन्द्र अग्रवाल, श्री सत्येन्द्र शर्मा तथा श्री सुरेन्द्र शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुये।

**Kamdhenu SS 10000** के बारे में जानकारी देते हुये श्री विशाल सक्सेना ने कहा, ''यूके की एडवांस तकनीक पर आधारित यह रिबार भारत का इकलौता डबल रिब्स रिबार है। भारत की कोई भी अन्य कंपनी और दूसरे ब्राण्ड के पास डबल रिब्स बनाने की अधिकृत तकनीक नहीं है। सिर्फ **Kamdhenu SS 10000** ही कंक्रीट के साथ प्लेन बार की तुलना में ढ़ाई गुणा से भी अधिक मज़बूत पकड़ बनाता है। यह उत्पाद 10000 पौंड प्रति वर्ग इंच तक की बेमिसाल मज़बूती के कंक्रीट के लिये भी उपयुक्त है।'' दूसरी बैठक का आयोजन 27 नवंबर को अलवर ज़िले के राजगढ़ में किया गया जिसमें ज़िले के 50 से अधिक राजमिस्त्रियों और ठेकेदारों ने हिस्सा लिया। एरिया के सेल्स प्रोमोटर मेसर्स सैटर्न स्टील के अतिरिक्त कार्यक्रम में कंपनी के एरिया मार्केटिंग एक्सेक्यूटिव श्री विशाल सक्सेना एवं मार्केटिंग ऑफिसर श्री मुकेश शर्मा व श्री मनीश सोनी भी उपस्थित हुये। एरिया के डीलर मेसर्स रामा आयरन स्टोर भी इस कार्यक्रम में शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे ए क्लास कान्ट्रेक्टर, श्री जगदीश सैनी।

यहाँ डबल रिब्स के बारे में जानकारी देते हुये श्री विशाल सक्सेना ने कहा, **Kamdhenu SS 10000** कंक्रीट के साथ अनोखी इंटरलॉकिंग पकड़ बनाता है, जिससे कंक्रीट बड़े से बड़े झटके पर भी रिबार से फिसलती नहीं है और इमारत को भूकंप से जबरदस्त सुरक्षा मिलती है।''

दोनों ही बैठकों में उपस्थित राजमिस्त्रियों और ठेकेदारों में बहुत अधिक उत्साह देखने को मिला। **Kamdhenu SS 10000** के बारे में जानकारी प्राप्त कर सभी ने खुशी जाहिर की और भविष्य में इस उत्पाद का उपयोग कर मजबूत, टिकाऊ और भूकंपरोधी इमारत बनाने की इच्छा जताई।






बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

| | | |
|---|---|---|
| श्री दिव्य गोयल | श्री राकेश | श्री गोवर्धन |
| मेसर्स गोयल आयरन स्टोर | मेसर्स जमनादास विट्ठलदास | मेसर्स खण्डेलवाल स्टील्स |
| बलताना, जिरकपुर | केकरी | जयपुर |
| पंजाब | राजस्थान | राजस्थान |
| मोबाइल – 09815987993 | | |

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com